5

पत्रांक–मो0 2–सिवान–45/2024– 816

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग।**

ई0 अवधेश कुमार,
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग, पटना।

सेवा में,

मुख्य अभियंता,
सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग,
सिवान/मोतिहारी/दरभंगा/सहरसा/
भागलपुर/डिहरी/औरंगाबाद/बिहारशरीफ/गया।

पटना, दिनांकः– 19-05-2025

विषयः– शीर्ष 2700 अन्तर्गत योजना समीक्षा समिति द्वारा चयनित योजनाओं के अनुश्रवण एवं गुणवत्ता जाँच के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक मो0 2–सिवान–45/2024–80 दिनांक 17.01.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र से निर्गत गो–अहेड के आलोक में गरमा एवं खरीफ सिंचाई 2025 के पूर्व कराये जाने वाले नहरों के अनुरक्षण एवं मरम्मति से संबंधित कतिपय कार्यों के प्रशासनिक एवं व्यय की स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है एवं कार्य प्रगति में है।

समीक्षा के क्रम में महसूस हुआ कि शीर्ष 2700 के अन्तर्गत कार्यान्वित होने वाली अनुरक्षण एवं मरम्मति की छोटी–छोटी योजनाओं के अनुश्रवण एवं गुण नियंत्रण हेतु समय–समय पर पूर्व में संसूचित परिपत्रों के अतिरिक्त दिशा–निदेश की आवश्यकता है :–

परिक्षेत्राधीन चल रही सभी विषयक योजनाओं के अनुश्रवण एवं गुणवत्ता जाँच हेतु निम्नांकित निदेश संसूचित किये जाते हैं :–

1. कार्यों की प्रमाणिकता एवं अभिलेख संधारण हेतु कार्य स्थल के समुचित अंतराल पर कार्य प्रारंभ होने के पूर्व का जियो टैग फोटोग्राफ तथा उसी स्थल का कार्य पूर्ण होने के उपरांत जियो टैग फोटोग्राफ का संधारण किया जाय एवं प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराया जाय।
2. प्रस्तावित कार्यों के प्रकार, कार्य की मात्रा तथा नहर खंड की दूरी के आधार पर संबंधित अधीक्षण अभियंता यह निर्णय लेंगे की किस कार्य में कितने स्थलों पर जियो टैग फोटोग्राफ लिया जाना है, ताकि फोटोग्राफ में कार्य की संपूर्ण प्रकृति प्रदर्शित हो सके।
3. प्रासंगिक विभागीय पत्रांक से निर्गत गो–अहेड में निहित निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता यह सुनिश्चित करेंगे कि वैसे संरचना मरम्मति कार्य, जिनकी प्राक्कलित राशि रू0 10 लाख से अधिक है की जाँच असम्बद्ध प्रमंडल के द्वारा की जाय।

विश्वासभाजन

19/5/2025

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः— मो0 2— सिवान—45/2024— 816 /पटना, दिनांकः— 19-05-2025

प्रतिलिपिः— अधीक्षण अभियंता, योजना एवं मोनिटरिंग अंचल—02/03 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/5/2025

(अवधेश कुमार)

अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन

ज्ञापांकः मो0 2— सिवान—45/2024— 816 /पटना, दिनांक : 19-05-2025

प्रतिलिपि :— प्रभारी, डब्लू0आर0डी0, आई0टी0 सेन्टर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/5/2025

**अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन**
**जल संसाधन विभाग,**
**बिहार, पटना**